# दिनांक 06.06.24 को जिलाधिकारी, खगड़िया की अध्यक्षता में आयोजित जिला गुणवत्ता यकीन समिति (DQAC) के बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति :–यथापंजी।

सिविल सर्जन, खगड़िया द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का अभिवादन किया गया, तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

5/7/2024

➢ **LaQshya, NQAS एवं MusQan** – बैठक में चर्चा के क्रम में बताया गया कि जिलान्तर्गत, सदर अस्पताल, खगड़िया के प्रसव कक्ष एवं मातृ OT को वित्तीय वर्ष 2023–24 में लक्ष्य कार्यक्रम के तहत गुणवत्ता प्रमाणीकरण प्राप्त हो गया है तथा NQAS के तहत 5 विभाग (SNCU, NRC, Pediatrics Ward, Laboratory एवं General Administration को गुणवत्ता प्रमाणीकरण प्राप्त हो गया। वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिलान्तर्गत संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के गुणवत्ता प्रमाणीकरण के संबंध में निम्नानुसार प्रस्ताव रखा गया :–

- लक्ष्य – अनुमंडलीय अस्पताल, गोगरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अलौली, चौथम एवं परबत्ता।
- NQAS – सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चौथम, परबत्ता एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर–इचरूआ, सोण्डिहा, बेला एवं बंदेहरा।
- MusQan – सदर अस्पताल, खगड़िया (SNCU, NRC, Pediatric Ward)

इस पर सभी सदस्यों की सहमति बनी तथा इस वित्तीय वर्ष में इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु कार्य प्रारंभ/निरंतर रखने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी संबंधित को निदेशित किया गया।

**(अनुपालन– जिला योजना समन्वयक, प्रभारी चि० पदा०, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, अलौली, चौथम, गोगरी, खगड़िया एवं परबत्ता, उपाधीक्षक, अस्पताल प्रबंधक, जिला प्रतिनिधि–पिरामल, UNFPA)**

➢ **कायाकल्प** – बैठक में चर्चा के क्रम में बताया गया कि वित्तीय 2023–24 में सदर अस्पताल, खगड़िया को, कायाकल्प कार्यक्रम के तहत् राज्य स्तर पर सराहना पुरस्कार प्राप्त हुआ है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में इस उपलब्धि में वृद्धि हेतु और अधिक प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में, कायाकल्प कार्यक्रम के तहत् जिलान्तर्गत संचालित स्वास्थ्य संस्थानों को पुरस्कार पाने के उद्देश्य से तैयार करने हेतु निम्नानुसार नामित करने का प्रस्ताव रखा गया :–

- सदर अस्पताल, खगड़िया।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अलौली, चौथम एवं परबत्ता।
- अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मलपा, मेघौना, डुमरियाबुजुर्ग, पीरनगरा, महेशखुंट, रानीशकरपुरा, सैदपुर एवं गौछारी।
- हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर–इचरूआ, बुधौड़ा, उसराहा, चोढ़ली, पनसलवा, सोण्डिहा, बेला, गंगौर, सरैया, बख्तियारपुर, बंदेहरा

इस पर सभी सदस्यों की सहमति बनी तथा इस वित्तीय वर्ष में इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु कार्य प्रारंभ/निरंतर रखने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी संबंधित को निदेशित किया गया।

**(अनुपालन– सभी प्रभारी चि० पदा०, सभी प्रखंड स्वा० प्रबंधक, खगड़िया जिलान्तर्गत)**

➢ चर्चा के क्रम में जिला प्रतिनिधि UNFPA द्वारा, उपरोक्त गुणवत्ता यकीन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन एवं गुणवत्ता प्रमाणीकरण से संबंधित निम्नांकित सुझाव दिये गये :–

- स्वास्थ्य संस्थान स्तर/प्रखंड मुख्यालय स्तर पर Quality Improvement Meeting एवं Clinical Review पर Quality Circle टीम को विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए, जिसमें अस्पताल में दी जानेवाली सेवाओं में क्या कमियाँ है एवं इसमें किस प्रकार से सुधार किया जा सकता है, के बारे में चिकित्सकों/नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति में चर्चा की जानी चाहिए।
- LaQshya, NQAS एवं Kayakalp कार्यक्रम/चेकलिस्ट के संबंध में संबंधित स्वास्थ्य संस्थनों के सभी स्टाफ/चिकित्सा पदाधिकारी का Capacity Building प्रशिक्षण/Refresher प्रशिक्षण कराया जाना चाहिए।
- प्रसवपूर्ण जाँच एवं प्रसव कक्ष में Triaging के दौरान High Risk Pregnancy के पहचान पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए।

- प्रसव संबंधित 3 Delay को दूर करने के उद्देश्य से रेफरल क्रियाविधि (Mechanism) को दुरूस्त करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए।
- Key Performance Indicators (KPI) पर कार्य किया जाना चाहिए। इस पर सभी सदस्यों की सहमति बनी तथा अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि इस दिशा में कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करेंगे।
- चर्चा के क्रम में जिला योजना समन्वयक द्वारा बताया गया कि दिनांक–19.12.2023 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित स्वास्थ्य विभागीय समीक्षात्मक बैठक में डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, खगड़िया द्वारा जिलान्तर्गत परिवार नियोजन सेवा लेने का निर्णय लिया गया, उक्त के आलोक में डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार को जिलान्तर्गत परिवार नियोजन सेवा प्रदान करने हेतु Empanelled करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।
- चर्चा के क्रम में जिला योजना समन्वयक द्वारा बताया गया कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना के पत्रांक–420, दिनांक–02.05.2024 के माध्यम से LaQshya, कार्यक्रम के तहत् गुणवत्ता प्रमाणित, सदर अस्पताल, खगड़िया को प्रोत्साहन राशि तथा Branding उपलब्ध कराने के क्रम में निम्नांकित दस्तावेजों को जिले में गठित DQAC के द्वारा सत्यापित कराते हुये मांग की गई है :–

  1. Office order of the information of the Quality Circle & the Coaching team.
  2. Minutes of the last Quality Circle meeting.
  3. Baseline facility level indicators format – I
  4. Current facility level Indicators format – I
  5. Proceeding quarters Patient Satisfaction survey scores ( Explicitly of the Beneficiaries of the assessed department i.e. LR/M-OT or both) format – II

इस क्रम में सदर अस्पताल, खगड़िया के पत्रांक–597, दिनांक–27.05.2024 के माध्यम से उपलब्ध कराये गये संबंधित दस्तावेजों को सभी सदस्यों के समक्ष उपस्थापित किया गया। तदोपरांत सर्वसम्मति से राज्य स्वासथ्य समिति, बिहार, पटना को समर्पित किये जाने का निर्णय लिया गया।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाई समाप्त की जाती है।**

सिविल सर्जन
खगड़िया

जिलाधिकारी
खगड़िया

**ज्ञापांक : 700 दिनांक : 03/07/24**

प्रतिलिपिः–सभी सहयोगी संस्था, Piramal, UNFPA, PCI India को सूचनार्थ एवं अपेक्षित सहयोग हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपिः–सभी संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपिः–अस्पताल प्रबंधक, सदर अस्पताल, खगड़िया एवं रेफरल अस्पताल, गोगरी तथा सभी प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, खगड़िया जिलान्तर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपिः–उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, खगड़िया एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, खगड़िया जिलान्तर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, मुंगेर प्रमण्डल, मुंगेर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः–राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, गुणवत्ता यकीन कार्यक्रम, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।.
प्रतिलिपिः–सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, खगड़िया को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः–कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

सिविल सर्जन
खगड़िया

जिलाधिकारी
खगड़िया